दिन– शनिवार दिनांक– 15/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पटना में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की जाएगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि आईटीआई अपग्रेड योजना को पूरे देश में लागू किया जाएगा और इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होगी। केंद्रीय मंत्री आईआईटी पटना के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए पटना पहुंचे हैं।

———————————————————————

परीक्षा पे चर्चा दो हजार पच्चीस की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की। सद्गुरु ने परीक्षा में ध्यान बढ़ाने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मजबूत सचेतनता तकनीक की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। सद्गुरु ने विद्यार्थियों से अपनी बुद्धि को गतिशील रखने को कहा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेईस फरवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम से भेज सकते हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान बक्सर जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। बक्सर जिले में श्री कुमार ने दो सौ करोड़ रुपये की लागत से बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया और सौ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली विभिन्न योजनाओं की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रहे विकास

कार्यों की समीक्षा भी की। वहीं, आर्सेनिक प्रभावित दियारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और पर्यटन की योजनाएं जनता को समर्पित की।

———————————————————————

मुंगेर के तारापुर में शहीद हुये चौंतीस क्रांतिकारियों की शहादत दिवस आज राजकीय समारोह के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक सौ फीट ऊंचा तिरंगा फहराया। ये बिहार का सबसे ऊंचा तिरंगा है।

———————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गयी है। परीक्षा में पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के लिए राज्यभर में दो सौ से अधिक केन्द्र बनाये गये हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से राज्य के न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में कमी आयेगी। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र के रन्नुचक मकंदपुर गांव में एक विक्षिप्त युवक ने दो बुजुर्गों की लाठी–डंडे से पीट–पीट कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने विक्षिप्त युवक को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई की, जिसमें उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

खगड़िया जिले की चौथम थाना पुलिस और पटना एसटीएफ की टीम ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी मुनेश्वर तांती को पटना के मोकामा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में दोषी सुनील कुमार को आठ साल सश्रम कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थ दंड के रूप में एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले की मझौलिया पुलिस ने अलग–अलग जगहों से विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।